हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 4 अगस्त 2026
[देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल| नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर| मंदसौर]

06 राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में लापरवाही ...



07 नपाध्यक्ष ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण...



भोलेनाथ का किया आकर्षक श्रृंगार, शिवमय हुआ पूरा शहर

सावन के प्रथम सोमवार मंदिरों में गूंजे ओम नमः शिवाय के जयकारे, भक्तों की उमड़ी भीड़








हरिभूमि न्यूज ▶▶| नलखेड़ा

शिव भक्ति का पावन मास सावन की शुरुआत हो गई है। सम्पूर्ण मास में शिव भक्त भोले की भक्ति में लीन रहेंगे। सावन मास के प्रथम सोमवार को नगर सहित आसपास के ग्रामों के शिवालय ओम नमः शिवाय से गूंजते रहे। सावन मास के प्रथम सोमवार को नगर के प्राचीन श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर, श्री इच्छापूर्ति महादेव मंदिर, श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर, श्री त्रम्बकेश्वर महादेव मंदिर सहित ग्राम गोंदलमऊ स्थित 1111 शिवलिंग वाले शिव मंदिर, लालूखेड़ी स्थित श्री जालेश्वर महादेव मंदिर आदि शिवालयों में प्रातःकाल से ही भक्त पूजन अभिषेक करने पहुंच रहे थे। यह सिलसिला दोपहर तक जारी रहा। दोपहर बाद श्री इच्छापूर्ति महादेव, गुप्तेश्वर महादेव मंदिर सहित लगभग सभी शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का आकर्षक श्रृंगार किया गया था। जिनके दर्शन करने के लिए देर रात्रि तक भक्तों का तांता लगा रहा। सावन मास में सभी मंदिरों पर आकर्षक विद्युत सज्जा भी की गई है। कई स्थान पर अखंड रामायण का पाठ भी चल रहा है।

शिव पहाड़ी स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर में भोलेनाथ का हुआ मनमोहक श्रृंगार



कानड़। सावन मास के पहले सोमवार के पावन अवसर पर शिव पहाड़ी स्थित प्राचीन भूतेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का आकर्षक एवं मनमोहक श्रृंगार किया गया। मंदिर को विशेष रूप से फूलों और रंग-बिरंगी सजावट से अलंकृत किया गया, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। आस्था के केंद्र भूतेश्वर महादेव शिव पहाड़ी पर प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर में दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक एवं बेलपत्र अर्पित कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। मंदिर में श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष लगाए, जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो गया।सावन के पहले सोमवार पर भगवान भूतेश्वर महादेव का विशेष श्रृंगार किया गया, जिसकी सुंदरता ने सभी भक्तों का मन मोह लिया। श्रद्धालुओं ने बड़ी श्रद्धा और आस्था के साथ भोलेनाथ के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।सावन के पहले सोमवार पर दिनभर मंदिर में दर्शन-पूजन का क्रम चलता रहा और भक्तों में विशेष उत्साह एवं भक्ति का भाव देखने को मिला।

सर्व कल्याण की भावना से किसान ने लगाई 3 किलोमीटर की लोटन यात्रा



भानपुरा(मंदसौर)। तहसील क्षेत्र भानपुरा के ग्राम कागल्याखेड़ी निवासी बद्रीलाल 56 वर्ष पुत्र रामप्रसाद पाटीदार द्वारा अपनी मन्नत पूर्ण होने व श्रावण मास में क्षैत्र के किसानों की अभी तक बैहतर फसलों व सर्व कल्याण के मन में भाव रखकर पर श्रावण मास के प्रथम सोमवार 3 अगस्त को गांव कागल्याखेडी से ग्राम सानडा शिव मंदिर लगभग 3 किलोमीटर की दूरी तक सड़क पर लोटन यात्रा पूर्ण की । यह यात्रा प्रातः 4:00 बजे से शुभचिंतकों व क्षैत्र के धर्मालुओं द्वारा भजन कीर्तन व ढोलक मजीरे की तान पर शुरु हुई लोटन लगाकर यात्रा शुरु हुई जो ग्राम सानड़ा के शिव मंदिर साड़े 7 घंटे बाद प्रातः 11:30 बजे लोटन यात्रा पहुंची जहाँ पूजा अर्चना तथा आरती उपरांत प्रसादी वितरण किया गया।लोटन यात्रा के साथ भजन कीर्तन सहयोगी बंसी वाले बाबा नानालाल , रमेश आंजना, विष्णु पाटीदार, गौरीलाल बंजारा, पवन पाटीदार, रामचन्द्र पाटीदार बगदीराम पाटीदार आदि मौजूद रहे।

सावन का पहला सोमवार

भगवान पशुपतिनाथ के हजारों भक्तों ने किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदसौर



अष्टमुखी भगवान पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में सावन के पहले सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह 5 बजे मंदिर के पट खुलने के साथ मंगला आरती हुई, जिसके बाद दर्शन और पूजन का सिलसिला शुरू हो गया। सुबह 6 बजे से ही मंदिर परिसर में लंबी कतारें देखी गईं। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने भगवान पशुपतिनाथ का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और रुद्राभिषेक किया। भक्तों ने बेलपत्र, धतूरा सहित अन्य पूजन सामग्री अर्पित की। ₹हर-हर महादेव₹ और बम-बम भोले के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। दोपहर में विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती का भी आयोजन किया गया। शाम को संध्या आरती, शिव भजन-कीर्तन और रात्रि में शयन आरती के बाद निर्धारित समय पर मंदिर के पट बंद किए जाएंगे। श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए गर्भगृह में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। भक्त कतारबद्ध होकर बाहर से ही भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन कर रहे हैं। पशुपतिनाथ मंदिर के पुजारी राकेश भट्ट ने बताया कि, सुबह से ही श्रद्धालुओं का लगातार आगमन जारी है। भगवान पशुपतिनाथ का विशेष श्रृंगार किया गया है। श्रद्धालु विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर प्रबंधन समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की हैं। इनमें प्रवेश से लेकर निर्गम तक सुगम दर्शन व्यवस्था, वाटरप्रूफ टेंट, विद्युत व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था और कारपेटिंग शामिल हैं। ये व्यवस्थाएं दर्शनार्थियों को असुविधा से बचाने के लिए की गई है।

मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने की नाग पंचमी की पूजा



नलखेड़ा। मारवाड़ी समाज की महिलाओं द्वारा सोमवार को नाग पंचमी की पूजा कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की गई। सोमवार को सावन कृष्ण पंचमी पर नगर की खंडेलवाल, अग्रवाल, माहेश्वरी आदि मारवाड़ी समाज की महिलाओं द्वारा नाग पंचमी की पूजा कर ठंडे भोजन का भोग लगा परिवार की सुख समृद्धि की कामना की गई। इस दिन सभी मारवाड़ी परिवारों के सदस्यों द्वारा ठंडा भोजन ग्रहण किया गया।

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान की तैयारियों की समीक्षा

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान संवाद, समाधान संवेदनशीलता और सादगी से परिपूर्ण रहेः डॉ. मीना

शिविरो में सभी विभाग लंबित शिकायतों, समस्याओं का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नलखेड़ा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में 07 अगस्त से प्रारंभ हो रहे मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान संवाद, समाधान, संवेदनशीलता और सादगी से परिपूर्ण रहे। इसके तहत प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित जनविश्वास शिविरों में सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी व विकासखण्ड स्तरीय जनविश्वास शिविरों में पहुंचकर संबंधित आवेदको से चर्चा कर उनकी शिकायतों का संतुष्टि के साथ समाधान करें। लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय सीमा में आवेदको को सेवाएं उपलब्ध कराई जाए। यह निर्देश कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने सोमवार को समय सीमा पत्रों के निराकरण की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारियों को दिए।

बैठक में एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, सीईओ जिला पंचायत बी.एस. सोलंकी, एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर्स तथा जिलाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर डॉ.मीना ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान को पूरी गंभीरता से लें और निर्धारित शिविरों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे। जनसमस्याओं, शिकायतों का निराकरण कर योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करें और ग्रामीणों से संवाद कर फीडबैक भी प्राप्त करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए की सभी विभाग सुनिश्चित करें कि 100 दिवस से अधिक की कोई भी सीएम हेल्पलाइन लंबित न रहे और ना ही कोई शिकायत नॉन अटेंडेंट रहे। कलेक्टर ने समय सीमा बैठक में आपसी समन्वय संबंधी बिंदुओं को रखकर अंतर्विभागीय बिंदुओं का निराकरण करवाने के निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत जिले के लिए शिविर कैलेंडर और अभियान के प्रमुख 20 बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी, बताया गया कि पहला शिविर तनोडिया में 07 अगस्त 2026 को आयोजित किया जा रहा है।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किए जाने की प्रक्रिया तय की

स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के संबंध में बैठक संपन्न, कलेक्टर ने विभागवार जिम्मेदारियां सौंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नलखेड़ा



आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह को गरिमामय एवं सुव्यवस्थित ढंग से मनाने के लिए कलेक्टर डॉ. शेरसिंह मीना की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समारोह की सभी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा कर विभागवार जिम्मेदारियां तय की गईं। बैठक में मुख्य समारोह से लेकर परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरस्कार वितरण, सुरक्षा, चिकित्सा, आमंत्रण, फोटोग्राफी तथा अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत कार्ययोजना निर्धारित की गई। बैठक में निर्देश दिए गए कि सभी विभागीय कार्यालय 15 अगस्त को प्रातः 8 बजे तक निर्धारित समय पर ध्वजारोहण करेंगे तथा अधिकारी-कर्मचारी मुख्य समारोह में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। मुख्य जिला स्तरीय समारोह परेड ग्राउंड आगर पर आयोजित होगा, जहां मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, परेड निरीक्षण एवं संदेश वाचन किया जाएगा। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी शासन के निर्देशानुसार स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किए जाएंगे। मुख्य समारोह में एलईडी पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा। बैठक में आयोजन स्थल पर मंच, बेरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक यंत्र, साफ-सफाई, पेयजल, बैठक व्यवस्था, जनरेटर, पार्किंग, पुष्प सज्जा एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही यातायत-व्यवस्था, अग्निशमन, चिकित्सा दल, एम्बुलेंस तथा आवश्यक प्राथमिक उपचार की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में अंतर्गत परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों पर विशेष जोर दिया गया। परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास 13 अगस्त को प्रातः 9:00 बजे आयोजित होगा, जबकि सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के चयन के लिए निर्धारित समिति द्वारा विद्यालयों के कार्यक्रमों का परीक्षण कर अंतिम चयन10 अगस्त को किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना पर आधारित होंगे तथा उनकी समय-सीमा भी निर्धारित की गई है। बैठक में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित किए जाने की प्रक्रिया भी तय की गई। विभागों को निर्देश दिए गए कि वे निर्धारित प्रारूप में सीमित संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रस्ताव अनिवार्य रूप से 10 अगस्त तक उपलब्धियों की टीप के साथ प्रस्तुत करें। प्रस्तावों के परीक्षण एवं अंतिम चयन के लिए समिति का गठन भी किया गया है। इसके अलावा समारोह में पुरस्कार वितरण, फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी, आमंत्रण-पत्रों का मुद्रण एवं वितरण, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके परिजनों का सम्मान के साथ ही सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारियां भी निर्धारित की गईं। बैठक के अंत में कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह की प्रत्येक व्यवस्था समयसीमा में पूर्ण की जाए तथा 13 अगस्त को होने वाले अंतिम पूर्वाभ्यास एवं 15 अगस्त के मुख्य समारोह में सभी संबंधित अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें, जिससे राष्ट्रीय पर्व का पूरी गरिमा के साथ हर्षोल्लास एवं देश भक्ति पूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। बैठक में एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीएस सोलंकी, एसडीएम मिलिंद ढोके, एसडीएम देव कुवंर सोलंकी एवं सभी डिप्टी कलेक्टर्स तथा जिला अधिकारी उपस्थित थे।



विमला प्रकाश पुंज फांउडेशन को व्हील चेयर भेंट

मंदसौर। नगर की सामाजिक संस्था विमला प्रकाश पुंज फांउडेशन जो जरूरतमंदों को मेडिकल उपकरण निशुल्क उपलब्ध करवाती है। उक्त संस्था के कार्यो से प्रभावित होकर मंदसौर जिले के ग्राम नौगांवा के लक्ष्मीकांत शर्मा ने सावन सोमवार के पावन अवसर पर 3 अगस्त 2026 को संस्था को एक व्हील चेयर भेंट की। उल्लेखनीय है कि विमला प्रकाश पुंज फांउडेशन के संचालक नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी सीए प्रतिक डोसी हैं। जिनकी संस्था जरूरतमंदों को निशुल्क मेडीकल उपकरण उपलब्ध करवाती है जिसमें मेडीकल बेड, ऑक्सीजन सिलेण्डर, वॉकर, व्हील चेयर आदि सामान निशुल्क उपलब्ध करवाया जाता है।

'घर-घर नवकार, हर घर नवकार' महाअभियान का शुभारंभ, चांदी के मंगल कलश पर हुआ विशेष अनुष्ठान

नवकार महामंत्र भवसागर से पार लगाने वाला महामंत्रः पूज्य रत्न निधिजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नलखेड़ा







नवकार महामंत्र केवल एक मंत्र नहीं, बल्कि जीव को भवसागर से पार लगाने वाला परम मंगलकारी महामंत्र है। इसकी आराधना से आत्मा शुद्ध होती है और मोक्षमार्ग का द्वार प्रशस्त होता है। महावीर जिनालय मंदिर ट्रस्ट, आराधना भवन नीमच में चल रहे प्रवचनों की श्रृंखला के अंतर्गत परम पूज्य विचक्षण ज्योति, मालव मणि, प्रवर्तिनी महोदया श्री चंद्रप्रभा श्रीजी महाराज सा. की सुशिष्या प. पू. रत्न निधिजी म. सा. पुण्य निधि म. सा. ने सोमवार को अपने प्रेरणादायी प्रवचन में नवकार महामंत्र की महिमा का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए यह बात कही गई।

प्रवचन के दौरान पूज्यश्री ने अनेक प्रेरक दृष्टांतों के माध्यम से नवकार महामंत्र की महत्ता को अत्यंत सरल एवं सहज भाषा में समझाया। उन्होंने अष्टापद तीर्थ का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि जब रावण वीणा वादन कर रहा था और मंदोदरी परमात्मा की भक्ति में तल्लीन होकर नृत्य कर रही थीं, तभी वीणा का तार टूट गया। भक्ति में कोई व्यवधान न आए, इस भावना से रावण ने अपने हाथ की नस को ही वीणा का तार बनाकर वादन जारी रखा। यह प्रसंग भक्ति, समर्पण और आराधना की पराकाष्ठा का अनुपम उदाहरण है। इसके पश्चात पूज्यश्री ने गौतम स्वामी का प्रेरक प्रसंग सुनाते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने अष्टापद क्षेत्र में 500 तापसों को सम्यक बोध कराया, नवकार महामंत्र की आराधना करवाई तथा उन्हें चारित्र मार्ग पर अग्रसर कर आत्मकल्याण का मार्ग दिखाया। इन दृष्टांतों के माध्यम से उन्होंने स्पष्ट किया कि नवकार महामंत्र की सच्चे भाव से की गई साधना जीवन में आध्यात्मिक उन्नति और आत्मशुद्धि का सर्वोत्तम आधार बनती है। पूज्यश्री ने जैन शासन रत्न मंत्रीश्वर पेत्थड़शाह की अनुपम श्रद्धा का उल्लेख करते हुए बताया कि उन्होंने नवकार महामंत्र के प्रत्येक अक्षर को स्वर्ण के गोलों में प्रतिष्ठित कर, रेशमी वस्त्र, स्वर्ण एवं रजत मुद्राओं के साथ विधिपूर्वक पूजन कर महामंत्र की आराधना की थी। उन्होंने गिरनार तीर्थ की रक्षा एवं उसे श्वेतांबर परंपरा में सुरक्षित बनाए रखने के लिए 11 हजार किलोग्राम से अधिक स्वर्ण भी धर्मकार्य में समर्पित किया। पूज्यश्री ने कहा कि यह प्रसंग सिखाता है कि नवकार महामंत्र की आराधना केवल जप तक सीमित नहीं, बल्कि उसमें श्रद्धा, त्याग और समर्पण का भाव भी आवश्यक है।

मंगल कलश पर विशेष अनुष्ठान हुआ

प्रवचन के उपरांत घर-घर नवकार, हर घर नवकार₹ महाअभियान का शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा एवं भक्ति के वातावरण में किया गया। इस अवसर पर चांदी के मंगल कलश पर विशेष अनुष्ठान संपन्न हुआ, जिसमें प्रत्येक घर में जाने वाले कलश का विधिवत पूजन किया गया। अनुष्ठान में सभी श्रद्धालु 108 अखंड चावल के दाने तथा एक चांदी का सिक्का लेकर पहुंचे, जिन्हें श्रद्धापूर्वक मंगल कलश में समर्पित किया गया। यह विधि पूज्य साध्वी पुण्य निधि जी म. सा. के सान्निध्य में संपन्न हुई। कार्यक्रम में श्रीसंघ के सभी सदस्य, श्रावक-श्राविकाएं एवं बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी उपस्थित रहे। सभी ने अपने जीवन में नवकार महामंत्र की नियमित आराधना करने तथा ₹घर-घर नवकार, हर घर नवकार₹ महाअभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। पूरे कार्यक्रम का वातावरण धर्मभावना, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास से पूर्णतः भक्तिमय बना रहा।

खबर संक्षेप

नगर में निकली भोलेनाथ की सवारी



चापडा। सावन माह के पहले सोमवार को नगर सहित आसपास के सभी शिवालयों में भक्तों की भीड़ नजर आई सुबह-से ही भक्त भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना के लिए शिव मंदिर पहुंचने लगे थे। नगर बागली, करनावद में भव्य रूप से भगवान भोलेनाथ की शिव सवारी का आयोजन किया गया। इसी प्रकार नगर चापड़ा में भी वर्षों से चली आ रही परंपरा के चलते नगर में शिव सवारी का आयोजन किया गया। पालकी में भगवान भोलेनाथ को बिठाकर नगर भ्रमण के लिए निकले पालकी को युवाओं ने अपने कंधों पर उठाकर चल रहे थे। ढोल नगाड़ों के साथ शिव सवारी का आयोजन हुआ। हाटपिपलिया मार्ग पर स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर पर आरती कर शिव सवारी को विराम दिया गया। इस दौरान आरती के पश्चात प्रसादी का वितरण हुआ। शिव सवारी में बड़ी संख्या में ग्रामीण जन सम्मिलित हुए जगह-जगह नगर में महिलाओं द्वारा भगवान भोलेनाथ का पूजन किया।

लेखक संघ ने मनाई प्रेमचंद की 146वीं जयंती

देवास। प्रगतिशील लेखक संघ, देवास इकाई द्वारा महान साहित्यकार, कथाकार एवं उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की 146वीं जयंती श्रद्धा एवं साहित्यिक गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनके साहित्य और सामाजिक योगदान पर विस्तृत चर्चा की गई तथा उनकी कालजयी रचनाओं का वाचन भी हुआ। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार एवं चिंतक डॉ. प्रकाश कांत सहित उपस्थित साहित्यकारों ने प्रेमचंद के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। विजय जोशी ने पंच परमेश्वर का पाठ किया, जबकि डॉ. इक़बाल मोदी ने हरिशंकर परसाई की चर्चित रचना प्रेमचंद के फटे जूते का वाचन किया। वक्ताओं ने कहा कि पंच परमेश्वर तत्कालीन भारत की न्याय व्यवस्था, हिंदू-मुस्लिम भाईचारे तथा मानवीय कमजोरियों—झूठ, छल, कपट, लालच और धोखे—का सशक्त चित्रण करती है। इसमें पंचायत के न्याय को साक्षात परमेश्वर का न्याय बताया गया है।

समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियों व प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों की बैठक

राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, समय पर करें क्रियान्वयनः सीएमएचओ

उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को अनावश्यक रूप से रेफर न करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सोमवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक की उपस्थिति में विकासखंड के समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियों एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों की समीक्षा बैठक सीएमएचओ कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में डॉ. बेक ने विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी कार्यक्रम के क्रियान्वयन में लापरवाही न बरती जाए। सभी कार्यक्रमों का समय-सीमा में प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वंदना केसरी ने मातृ मृत्यु की समीक्षा करते हुए कहा कि उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को अनावश्यक रूप से रेफर न किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को अपने स्तर पर भी एचआरपी रिपोर्ट का विश्लेषण करने के निर्देश दिए। प्रसव के सात दिवस पूर्व उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को संबंधित स्वास्थ्य संस्था में भर्ती करवाना सुनिश्चित करने को कहा। इसके लिए नवीन डैशबोर्ड से सूची निकालकर एएनएम एवं अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से संबंधित महिलाओं को फोन कर आवश्यक समझाइश देने के निर्देश दिए। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुनील तिवारी ने शिशु मृत्यु की विस्तृत समीक्षा करते हुए शिशु मृत्यु रिपोर्टिंग के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि शिशु मृत्यु ऑडिट फॉर्म स्वयं चिकित्सा अधिकारी द्वारा पूर्ण किया जाए। सेप्सिस की रोकथाम के लिए लेबर रूम प्रोटोकॉल का अनिवार्य रूप से पालन करने के निर्देश दिए गए। जिला क्षय अधिकारी डॉ. अमरीन शेख ने टीबी एवं एचआईवी कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं की गर्भावस्था के दौरान एचआईवी, वीडीआरएल एवं हेपेटाइटिस-बी की जांच अनिवार्य रूप से कराई जाए। साथ ही एचएमआईएस पोर्टल पर इसकी शत-प्रतिशत प्रविष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कायाकल्प अभियान की भी व्यापक समीक्षा की गई। जिन स्वास्थ्य संस्थाओं में मानव संसाधन एवं आवश्यक उपकरण उपलब्ध हैं, उनकी जानकारी सक्षम पोर्टल पर अपडेट करने तथा 7 अगस्त तक इंटरनल असेसमेंट पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा एनसीडी पोर्टल की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पोर्टल पर कंट्रोल रेट, फॉलोअप एवं डायग्नोसिस की जानकारी अपडेट करने की प्रक्रिया समझाई गई। बैठक में डीपीएम कामाक्षी दुबे सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की बैठक

पुलिस परेड ग्राउंड में होगा मुख्य समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आगामी स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह के गरिमामय आयोजन और उसकी पूर्व तैयारियों को लेकर कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर विभागवार अधिकारियों को कार्य सौंपकर समय रहते सभी तैयारियां करने के निर्देश दिये।

बारिश के मौसम देखते हुए समारोह स्थल पर तैयारियां करने के निर्देश दिए गए। समारोह स्थल पर वॉटर प्रूफ टेंट लगाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगरीय निकायों में ध्वजारोहण के दौरान ध्वज संहिता का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए। बैठक में बताया गया कि मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री जी के प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया जायेगा।

15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) मुख्य समारोह परेड ग्राउण्ड में सुबह 09 बजे से होगा। इसके पूर्व सभी विभागों के कार्यालयों में सुबह 08 बजे झण्डा वंदन होगा। फुल ड्रेस रिहर्सल 13 अगस्त को परेड ग्राउण्ड में होगी। बैठक में नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर संजीव जैन, संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला, संयुक्त कलेक्टर विशाखा देशमुख, एसडीएम देवास अभिषेक शर्मा, डिप्टी कलेक्टर कन्हैयालाल तिलवारी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

विमान उत्सव में बजरंग अखाड़े की बालिकाएं दिखाएंगी शौर्य प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़

नगर के ऐतिहासिक एवं पारंपरिक विमान उत्सव में इस वर्ष एक नई और प्रेरणादायक पहल देखने को मिल सकती है। वर्षों से बजरंग अखाड़े के साथ अपनी कला का प्रदर्शन करने वाली बालिकाएं इस बार पहली बार स्वतंत्र अखाड़ा दल के रूप में मैदान में उतरने की तैयारी कर रही हैं। यदि समिति से अनुमति मिलती है, तो यह कदम विमान उत्सव के इतिहास में बेटियों की भागीदारी का नया अध्याय साबित होगा। इसी संबंध में बजरंग अखाड़े की 50 से अधिक बालिका खिलाड़ियों, अखाड़ा संचालक शिवकुमार बिंजवा, महिला अखाड़ा संचालिका मयूरी बिंजवा एवं समिति सदस्यों ने विमान उत्सव समिति, कांटाफोड़ को एक औपचारिक आवेदन सौंपकर बालिकाओं के लिए अलग अखाड़ा दल की अनुमति देने का आग्रह किया। आवेदन में बताया गया कि वर्तमान में बजरंग अखाड़े में बड़ी संख्या में बालिकाएं पारंपरिक अखाड़ा विधाओं, लाठी, भाला, तलवार एवं अन्य युद्धक कलाओं का नियमित और कठिन प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। वर्षों की मेहनत और अनुशासन के बाद अब वे अपनी प्रतिभा का स्वतंत्र रूप से प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। अखाड़ा संचालक शिवकुमार बिंजवा एवं महिला अखाड़ा संचालिका मयूरी बिंजवा ने बताया कि बेटियों का अलग दल निकालने का उद्देश्य उन्हें आत्मविश्वास, पहचान और अपनी कला को पूर्ण रूप से प्रस्तुत करने का अवसर देना है। उनका कहना है कि यह पहल न केवल बालिकाओं को प्रोत्साहित करेगी, बल्कि समाज में महिला सशक्तिकरण और पारंपरिक अखाड़ा संस्कृति के संरक्षण का भी सशक्त संदेश देगी। आवेदन में समिति से बालिका अखाड़ा दल के लिए अलग प्रदर्शन स्थान, समुचित सुरक्षा व्यवस्था तथा प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराने की भी मांग की गई है, ताकि बालिकाएं सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। नगरवासियों में भी इस पहल को लेकर उत्साह का माहौल है। लोगों का मानना है कि यदि बालिकाओं का स्वतंत्र अखाड़ा दल विमान उत्सव का हिस्सा बनता है, तो यह आयोजन की गरिमा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा और बेटियों को अपनी क्षमता दिखाने का एक सशक्त मंच मिलेगा।

तिरंगा यात्रा को भव्य बनाने की तैयारी की तेज विधानसभा स्तरीय बैठक में बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खातेगांव



स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा 16 अगस्त को इस वर्ष और अधिक भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से खातेगांव नगर में विधानसभा स्तरीय तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने यात्रा की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आयोजन को सफल बनाने की रणनीति तैयार की। बैठक में तय किया गया कि तिरंगा यात्रा नाभिकुंड, नेमावर के पवित्र तट से प्रारंभ होकर कन्नौद में यात्रा का समापन होगा। यात्रा के दौरान विभिन्न गांवों एवं प्रमुख स्थानों पर नागरिकों और सामाजिक संगठनों द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। यात्रा के माध्यम से राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं तिरंगे के सम्मान का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। बैठक में कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। यात्रा के सफल संचालन के लिए स्वागत, यातायात, अनुशासन, प्रचार-प्रसार एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के अंत में विधानसभा क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में तिरंगा यात्रा में शामिल होकर राष्ट्रभक्ति के इस महाआयोजन को सफल बनाने की अपील की गई।

सावन के पहले सोमवार पर भक्तिमय हुआ नगर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर नगर पूरी तरह शिवमय हो गया। सुबह से देर शाम तक शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती रही। भगवान भोलेनाथ के विशेष श्रृंगार, रुद्राभिषेक, पूजन-अर्चन, महाआरती एवं भजन-कीर्तन के आयोजन से वातावरण भक्तिमय बना रहा। नगर के विभिन्न मंदिरों में दिनभर ₹हर-हर महादेव₹ और ₹बोल बम₹ के जयघोष गूंजते रहे। सावन के पावन माह में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर परिवार, नगर एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। नगर के प्राचीन बाबा भंवरनाथ मंदिर में प्रतिदिन भगवान मनकामेश्वर का वैदिक विधि-विधान से अभिषेक नगर पुरोहित पंडित मनोज जोशी एवं मंदिर पुजारी पंडित चंद्रशेखर जोशी द्वारा कराया जा रहा है। सावन के प्रथम सोमवार पर नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, लाल सिंह पहलवान सहित नगर के अनेक श्रद्धालुओं ने भगवान मनकामेश्वर का दुग्ध एवं जलाभिषेक कर विधिवत पूजन-अर्चन किया तथा नगर व क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। अभिषेक के पश्चात बैंड-बाजों के साथ भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं नगर के अन्य शिव मंदिरों में भी भगवान भोलेनाथ का आकर्षक श्रृंगार रंग-बिरंगे फूलों, बेलपत्र, धतूरा, भस्म एवं मनोहारी सजावट से किया गया। भगवान शिव के दर्शन एवं पूजन के लिए दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शाम के समय मंदिर परिसर में महिला मंडल के तत्वावधान में भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालु देर रात तक शिवभक्ति में लीन रहे।

ग्राम पांडी से भौरासा तक निकली महिला कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



सावन के पहले सोमवार को ग्राम पांडी से भौरासा तक महिला मंडल द्वारा भव्य कावड़ यात्रा निकाली गई। महिलाएं ग्राम पांडी से कावड़ में जल लेकर झरनेश्वर महादेव मंदिर पहुंचीं।

यहां भगवान झरनेश्वर महादेव का जलाभिषेक करने के बाद कावड़ यात्रा भौरासा के बाबा भंवरनाथ मंदिर के लिए रवाना हुई। यात्रा में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों महिलाएं शामिल हुईं। यात्रा संयोजक अकेसिंह सेंधव, हरेंद्र सिंह सेंधव, मानसिक सिंह सेंधव, अंतर सिंह सेंधव, अजाब सिंह सेंधव एवं रामचरण चौधरी ने बताया कि यह कावड़ यात्रा पिछले चार वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही है। सावन के पवित्र महीने में महिलाएं आस्था और भक्ति के साथ कावड़ में जल लेकर भगवान शिव का अभिषेक करती हैं।

कावड़ यात्रा ग्राम पांडी से झरनेश्वर महादेव मंदिर होते हुए भौरासा पहुंची। रास्ते में ग्राम कुलाला में सरपंच तेज सिंह यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कावड़ यात्रियों का भव्य स्वागत किया। इस दौरान भौरासा मंडल अध्यक्ष अनिल चावड़ा, एल्डरमैन प्रदीप मंत्री, करण सिंह यादव सहित अन्य लोगों ने पुष्पवर्षा कर महिला कावड़ यात्रियों का स्वागत किया। महिलाओं ने सावन के पहले सोमवार के अवसर पर झरनेश्वर महादेव एवं भगवान मनकामेश्वर का जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसके बाद कावड़ यात्रा भौरासा स्थित बाबा भंवरनाथ मंदिर पहुंची, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं महाआरती की गई। महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया।

निजी बसों का चक्का जाम 8 से, मांगें पूरी नहीं हुईं तो होगा आंदोलन

बस ऑनर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



प्राइम रूट बस आपरेटर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री, परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं जिला प्रशासन के माध्यम से सात सूत्रीय मांगों को लेकर 3 अगस्त को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी है कि यदि 7 अगस्त 2026 तक मांगों का समाधान नहीं किया गया तो 8 अगस्त से पूरे मध्यप्रदेश में निजी यात्री बसों का संचालन अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया जाएगा। एसोसिएशन जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह बैस के अनुसार मध्यप्रदेश में वर्ष 2005 में राज्य सड़क परिवहन निगम का संचालन बंद होने के बाद निजी बस संचालक प्रदेश की जनता को सार्वजनिक परिवहन सेवा उपलब्ध करा रहे हैं। वर्तमान में परिवहन विभाग द्वारा लागू की जा रही नई परिवहन नीति एवं ₹मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा₹ के तहत प्रस्तावित व्यवस्था से निजी बस संचालकों के व्यवसाय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। इसी के विरोध में प्रदेशभर के बस संचालकों ने आंदोलन का निर्णय लिया है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से इंदौर संभाग के 40 मार्गों के प्रस्तावित राष्ट्रीयकरण को निरस्त करने, कंपनी आधारित परमिट एवं टेंडर प्रणाली समाप्त करने, बस किराया बढ़ाकर 2.50 रुपये प्रति किलोमीटर करने, नई बसों के पंजीयन निरस्त करने संबंधी नोटिस वापस लेने, अंतरराज्यीय बसों के स्थायी एवं अस्थायी परमिट जारी करने, 15 वर्ष से अधिक पुराने फिटनेसधारी यात्री वाहनों के परमिट जारी रखने तथा परिवहन कार्यालयों में अधिकारियों-कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने की मांग की गई है।एसोसिएशन का कहना है कि यदि निर्धारित समय सीमा तक मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 8 अगस्त से इंदौर संभाग सहित पूरे मध्यप्रदेश में निजी यात्री बसों का संचालन अनिश्चितकालीन रूप से बंद रहेगा। ऐसी स्थिति में यात्रियों को होने वाली असुविधा की जिम्मेदारी परिवहन विभाग की होगी। शासन से बस संचालकों की समस्याओं पर शीघ्र चर्चा कर समाधान निकालने की मांग की है, ताकि प्रदेश में यात्री परिवहन व्यवस्था प्रभावित न हो। इस दौरान महेंद्र व्यास, धर्मेंद्र व्यास, बंटी दरबार, धर्मेंद्र चौहान, अयाज खान, गुलजार भाई, अफसर भाई, मोहन राजपूत, शुभम सिंह आदि बड़ी संख्या में संगठन के सदस्य उपस्थित थे।

दतिया उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर मनाया जश्न



भौरासा। दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद भौरासा नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ जश्न मनाया। नगर के बड़ा हनुमान चौक और छोटा हनुमान चौक पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। इस अवसर पर भौरासा नगर कांग्रेस अध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर ने कहा कि दतिया की जीत केवल एक सीट की जीत नहीं, बल्कि प्रदेश में बदलाव की शुरुआत है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2029 में कांग्रेस पूर्ण बहुमत के साथ प्रदेश में सरकार बनाएगी। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भौरासा मिथुन यादव ने दतिया उपचुनाव में मिली जीत का श्रेय प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व और जनता के समर्थन को दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने का प्रयास कर रही थी, लेकिन कांग्रेस ने जनता के बीच जाकर चुनाव लड़ा और जनता ने पार्टी पर भरोसा जताया।

कार्यालय तहसीलदार तहसील बागली जिला देवास (म.प्र.)
क्रमांक/ 92 / रीडर-1/2026
बागली दिनांक 22.07.2026

उपरोक्त विषयांकित पत्र के संबंध में लेख कि दानग्रहिता सौरमबाई पति मोतीसिंह जाति सेंधव निवासी ग्राम तिस्सी तहसील बागली जिला देवास के तथा दानदाता गोपालराव, शिवनाथ पिता आन्नदीराव जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम तिस्सी के द्वारा ग्राम तिस्सी प०ह० न० 04 तहसील बागली में स्थित बन्दोबस्त पूर्व सर्वे नंबर 127 बन्दोबस्त पश्चात नवीन भूमि सर्वे नंबर 174, 175 कुल रकबा 1.64 हे0 का दानग्रहिता के पक्ष में दान पत्र कराया गया है। दानग्रहिता राजस्व रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करने हेतु मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत दान पत्र नामांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया है। अतः ग्राम तिस्सी के द्वारा ग्राम तिस्सी प०ह०न० 04 तहसील बागली में स्थित बन्दोबस्त पूर्व सर्वे नंबर 127 बन्दोबस्त पश्चात नवीन भूमि सर्वे नंबर 174, 175 कुल रकबा 1.64 हे0 भूमि पर यदि किसी व्यक्ति या अन्य को कोई आपत्ति हो तो लिखित रूप में दिनांक 12/08/2026 के पूर्व इस न्यायालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे, अन्यथा मौन स्वीकृति मानते हुये प्रकरण की आगामी कार्यवाही की जायेगी।

तहसीलदार
तहसील बागली, जिला- देवास

खबर संक्षेप



मारपीट के मामले में दो वारंटी गिरफ्तार

ललितपुर। जनपद में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना गिरार पुलिस ने सोमवार को करीब दस वर्ष पुराने मारपीट के मामले में दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी मड़ावरा आलोक कुमार अग्रहरि के पर्यवेक्षण में चल रहे अभियान के क्रम में थाना गिरार पुलिस ने ग्राम रमगढ़ा निवासी हरीराम पुत्र गन्दू एवं सन्तोबाई उर्फ सन्नोबाई पत्नी दिबुआ को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपित केस संख्या 742/16, मुकदमा अपराध संख्या 239/15 में भारतीय न्याय संहिता लागू होने से पूर्व दर्ज आईपीसी की धारा 323, 324 एवं 504 के तहत न्यायालय से जारी वारंट के संबंध में वांछित थे। गिरफ्तारी के बाद दोनों को नियमानुसार संबंधित न्यायालय में पेश कर दिया गया। थाना गिरार प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। टीम में उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार, महिला कांस्टेबल शिवानी कुमारी एवं कांस्टेबल विवेक सिंह शामिल रहे।

जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में अब 7 तक कर सकेंगे आवेदन

ललितपुर। पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय दैलवारा में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। नवोदय विद्यालय समिति, मुख्यालय नोएडा द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार अब इच्छुक छात्र-छात्राएं 7 अगस्त 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। विद्यालय प्राचार्य हरपेंद्र शर्मा ने बताया कि वर्तमान में कक्षा 5 में अध्ययनरत विद्यार्थियों से कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विद्यालय में कुल 80 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले निर्धारित अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 7 अगस्त कर दिया गया है, ताकि अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थी आवेदन कर सकें। प्राचार्य के अनुसार कक्षा 6 में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 28 नवंबर 2026 को आयोजित की जाएगी। प्रवेश पूरी तरह चयन परीक्षा के आधार पर होगा। उन्होंने अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से अपील की है कि वह अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर लें। आवेदन करते समय आवश्यक दस्तावेज एवं जानकारी सही प्रकार से भरना अनिवार्य होगा, ताकि आवेदन निरस्त होने की संभावना न रहे।

क्षेत्रपाल मंदिर के पास युवक पर हमला

ललितपुर। शहर कोतवाली क्षेत्र में क्षेत्रपाल मंदिर के पास एक युवक के साथ मारपीट और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने का मामला सामने आया है। तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आजादपुरा द्वितीय (लेडिया) निवासी सत्यनारायण रजक पुत्र फूसा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 24 जुलाई 2026 की रात करीब 9.40 बजे वह क्षेत्रपाल मंदिर के पास से पैदल अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान यूपी-94 एटी-2834 नंबर की टैक्सी से आए सूरज कुशवाहा, ऋषि कुशवाहा, देवेंद्र कुशवाहा तथा सूरज के बड़े भाई ने उन्हें टक्कर मार दी। आरोप है कि जब उन्होंने टक्कर मारने का विरोध किया तो आरोपियों ने अपने मोबाइल फोन से कुछ अन्य लोगों को भी मौके पर बुला लिया। इसके बाद सभी ने मिलकर उनके साथ गाली-गलौज की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए लाठी-डंडों तथा लात-घूंसों से मारपीट कर दी। घटना में उन्हें शरीर पर कई चोटें आईं। सत्यनारायण रजक का आरोप है कि मारपीट के बाद आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए।

ब्रह्ममुहूर्त से ही मंदिरों में जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, रुद्राभिषेक, बेलपत्र अर्पण और विशेष पूजन-अर्चन की

सावन के पहले सोमवार पर शिवालयों में उमड़ी आस्था, भोलेनाथ के जयघोष से गूंजा ललितपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



सावन माह के पहले सोमवार को भगवान शिव की आराधना के लिए जिलेभर के शिवालयों में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह ब्रह्ममुहूर्त से ही मंदिरों में जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, रुद्राभिषेक, बेलपत्र अर्पण और विशेष पूजन-अर्चन का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय हो उठा। शहर के प्राचीन शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं।

भगवान भोलेनाथ के दर्शन और अभिषेक के लिए महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मंदिरों में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिवार्चन, रुद्राभिषेक एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण जैसे धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। सिद्धपीठ श्री चंडी माता मंदिर धाम में चल रहे सवा पांच करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बड़ी संख्या में भक्तों ने पार्थिव शिवलिंग बनाकर भगवान शिव का पूजन किया और परिवार की सुख-समृद्धि एवं विश्व कल्याण की कामना की। वहीं घंटाघर स्थित श्री थानेश्वर महादेव मंदिर में भी पार्थिव शिवलिंग निर्माण और विशेष पूजन का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर दिनभर श्रद्धालुओं से गुलजार रहा। भक्तों ने भगवान शिव का दुग्ध, जल, गंगाजल, बेलपत्र, धतूरा और भस्म से अभिषेक कर मनोकामनाएं मांगीं। दूसरी ओर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कांवड़िए कंधों पर कांवड़ लेकर नाचते-गाते शिवालयों की ओर रवाना हुए। भगवा वस्त्रों में सजे कांवड़िए डीजे, ढोल-नगाड़ों और शिव भजनों की धुन पर बम-बम भोले, हर-हर महादेव और जय शिव शंकर के जयघोष करते हुए भगवान भोलेनाथ को जल अर्पित करने पहुंचे। नगर पंचायत पाली स्थित प्रसिद्ध एवं प्राचीन नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में भी सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। आसपास के गांवों के अलावा दूरदराज क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने कांवड़ यात्रा निकालकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर में पूरे दिन धार्मिक उल्लास और भक्ति का माहौल बना रहा। सावन के पहले सोमवार पर जिलेभर के शिवालयों में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के भी विशेष इंतजाम किए गए, जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन-पूजन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। पूरे दिन शिवभक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।

ठेकेदार को गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश

नपाध्यक्ष ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण सीसी सड़क व नाली निर्माण का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सोनाली जैन ने सोमवार को नगर के वार्ड संख्या-09 सिविल लाइन एवं चांदमारी क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दो नव निर्मित सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का विधि-विधान के साथ लोकार्पण किया तथा निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता परखते हुए अधिकारियों और ठेकेदार को गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के सख्त निर्देश दिए।

नपाध्यक्ष ने सबसे पहले चौबे आटा चक्की से श्रीधर मामा की ओर तथा वीरेन्द्र पुरोहित, मुकेश दीक्षित एवं आलोक किराना स्टोर के पास निर्मित सीसी सड़क एवं नाली का लोकार्पण किया। इसके बाद आईटीआई के सामने रामदेवी के मकान से संज्ञा कम्प्यूटर तक बनाई गई सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने विकास कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पालिका अध्यक्ष का पुष्पमालाओं से स्वागत किया। लोकार्पण के बाद अध्यक्ष ने चांदमारी क्षेत्र में बसंत नामदेव के मकान से पहाड़ सिंह के मकान होते हुए घनश्याम सेन के मकान तक निर्माणाधीन सीसी सड़क एवं नाली कार्य का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जानकारी ली और संबंधित अवर अभियंता व ठेकेदार को निर्देश दिए कि कार्य पूरी गुणवत्ता और निर्धारित मानकों के अनुरूप कराया जाए। पालिका अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कहीं भी अनियमितता पाई गई तो संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भी निर्माण कार्यों पर नजर रखने और किसी भी प्रकार की शिकायत सीधे उन्हें या नगर पालिका को देने की अपील की। इसके बाद नगर पालिका परिषद कार्यालय का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं में चल रहे कार्यों की समीक्षा की तथा कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय से कार्यालय पहुंचने, शासन की योजनाओं एवं जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने तथा प्रत्येक फरियादी की शिकायत का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण एवं लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान पार्षद अशोक कुमार पंथ, अवर अभियंता निधि पाण्डेय, नजूल लिपिक सुधीर रावत, गैराज प्रभारी अमित कुमार रिंकू, स्वास्थ्य नायक सनी बाबरा सहित नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

रंजिश में जेसीबी चालक पर हमला किया

बुजुर्ग की हत्या के मामले में छह आरोपी गिरफ्तार हत्या में प्रयुक्त रॉड, सब्बल व क्रेटा कार बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



कोतवाली पुलिस ने पुरानी रंजिश के चलते हुई बुजुर्ग की हत्या के सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड, सब्बल तथा एक सफेद रंग की क्रेटा कार भी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, 28 जुलाई 2026 को पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि कुछ लोगों ने उसके पति कृष्णपाल तथा सास-ससुर से अवैध रुपये की मांग की। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

मामले में कोतवाली में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना में गंभीर रूप से घायल हुए पीड़िता के ससुर घनश्याम यादव (65) की झांसी में उपचार के दौरान मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने मुकदमे में हत्या की धारा जोड़कर जांच तेज कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में पांच पुलिस टीमों का गठन किया गया था। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वर्ष 2023 में दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई थी, जिसमें उनके पक्ष के लोगों को चोटें आई थीं। उसी घटना की रंजिश में उन्होंने 28 जुलाई को कृष्णपाल को आईटीआई के पास जेसीबी मशीन चलाने के बहाने बुलाया और उस पर हमला कर दिया। इसके बाद कृष्णपाल के माता-पिता को फोन कर दुर्घटना का झांसा देकर मौके पर बुलाया और रास्ते में लोहे की रॉड एवं सब्बल से हमला कर फरार हो गए। बाद में घनश्याम यादव की मौत की जानकारी मिलने पर सभी आरोपी छिपते फिर रहे थे।

गिरफ्तार आरोपियों में तालाबपुरा निवासी गुल्लू उर्फ भरत यादव, थाना बानपुर के ग्राम टीकरा निवासी संदीप तिवारी, थाना जाखलौन के ग्राम बंदरगुढ़ा निवासी सोनू यादव उर्फ सुंदर सिंह, थाना बानपुर के ग्राम दिदौरा निवासी मोहित यादव, सिद्धनपुरा निवासी प्रभान यादव तथा तालाबपुरा निवासी शक्ति बाल्मीक शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त एक लोहे की रॉड, एक सब्बल तथा सफेद रंग की क्रेटा कार (नंबर यू.पी.94 ए.एफ. 0635) बरामद की है। पुलिस का कहना है कि बरामद वाहन का उपयोग घटना को अंजाम देने में किया गया था। इस कार्रवाई को प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस टीम ने अंजाम दिया।

कुशवाहा समाज के प्रतिनिधिमंडल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

शहजाद नदी पुल के अप्रोच रोड में बदलाव की मांग की



ललितपुर। शहजाद नदी पर निर्माणाधीन पुल के अप्रोच रोड की लंबाई कम करने तथा ललितेश्वरी माता मंदिर एवं कौशल किशोरजी मंदिर (कुश-कुटी) के मार्गों को सर्विस रोड के बजाय सीधे अप्रोच रोड से जोडऩे की मांग को लेकर सोमवार को कुशवाहा समाज ललितपुर के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि ललितेश्वरी माता मंदिर नगर की ऐतिहासिक एवं प्रमुख धार्मिक आस्था का केंद्र है। मान्यता है कि इसी मंदिर के नाम पर ललितपुर नगर का नाम पड़ा। यहां प्रतिवर्ष शारदीय नवरात्रि के दौरान विशाल मेले का आयोजन होता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु चुनरी यात्रा, बैंड-बाजे और डीजे के साथ शामिल होकर धार्मिक परंपरा का निर्वहन करते हैं। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि कौशल किशोरजी मंदिर (कुश-कुटी) भी कुशवाहा समाज का प्रमुख धार्मिक स्थल है। यहां प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों में लगभग 20 हजार श्रद्धालु शामिल होते हैं। इस दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली, बग्गियों, झांकियों और अन्य वाहनों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाती है। समाज के पदाधिकारियों का कहना है कि यदि दोनों मंदिरों के मार्ग केवल सर्विस रोड से जोड़े गए तो बड़े वाहनों, धार्मिक शोभायात्राओं और श्रद्धालुओं के आवागमन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। इससे भविष्य में धार्मिक आयोजनों के सुचारु संचालन के साथ-साथ दोनों प्रमुख धार्मिक स्थलों की गरिमा भी प्रभावित हो सकती है। ज्ञापन के माध्यम से जिलाधिकारी से मांग की गई कि शहजाद नदी पर बन रहे पुल के अप्रोच रोड की लंबाई कम करते हुए ललितेश्वरी माता मंदिर एवं कौशल किशोर जी मंदिर (कुश-कुटी) के मार्गों को सीधे अप्रोच रोड से जोड़ा जाए, ताकि श्रद्धालुओं को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके और नगर की धार्मिक आस्था एवं सांस्कृतिक परंपराओं का संरक्षण सुनिश्चित हो सके। ज्ञापन सौंपने वालों में कुशवाहा समाज जिलाध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, नगराध्यक्ष रमेश कुशवाहा, जिला मीडिया प्रभारी एवं पत्रकार राहुल कुशवाहा, पंचायत मंडल जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा (राजू मुखिया), पंचायत मंडल नगराध्यक्ष कल्ली कुशवाहा, गणेश कुशवाहा, भजनलाल कुशवाहा, वंदना मेहता, अभिलाषा कुशवाहा, कैलाश कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, शंकरलाल कुशवाहा, सुजान कुशवाहा, विष्णु कुशवाहा, परसादी कुशवाहा, कन्हैयालाल कुशवाहा, गोरेलाल माते, अजय कुशवाहा, धर्मेंद्र, चंदन, देवेंद्र, श्याम, हरप्रसाद, आशाराम, जगभान कुशवाहा पूर्व पार्षद मौजूद रहे।

बीएसए के निरीक्षण में खुली स्कूलों की पोल, विद्यालयों में मिलीं खामियां

कई विद्यालयों में ताले मिले, कितने ही शिक्षकों का वेतन-मानदेय रोका

ललितपुर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रत्नेश कुमार ने सोमवार को विकासखंड बार और महरौनी क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई विद्यालयों में शिक्षकों की अनुपस्थिति, विद्यालय बंद मिलना, साफ-सफाई की खराब स्थिति, एमडीएम व्यवस्था में लापरवाही और कंपोजिट ग्रांट के उपयोग में अनियमितताएं सामने आईं।

बीएसए ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अनुपस्थित शिक्षकों व शिक्षामित्रों का वेतन एवं मानदेय रोकने तथा संबंधित विद्यालय प्रभारियों से एक सप्ताह में स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान सुबह करीब 8.40 बजे यू.प्रा.वि. दिदौरा (बार) विद्यालय बंद मिला। मौके पर कक्षा छह के छात्र अजय और देवराज चाबी लेकर पहुंचे और अधिकारियों की मौजूदगी में विद्यालय का ताला खोला। विद्यालय में रंगाई-पुताई की स्थिति खराब मिली। कंपोजिट ग्रांट से कोई कार्य नहीं कराया गया था। हैंडवाश निष्क्रिय पाए गए तथा शौचालयों में गंदगी मिली। बीएसए ने प्रभारी प्रधानाध्यापक महेश सोनी से एक सप्ताह में स्पष्टीकरण मांगा है। वहीं अनुपस्थित अनुदेशक बसंत एवं हरिप्रकाश का मानदेय रोकने के निर्देश दिए गए। खंड शिक्षा अधिकारी बार को तीन दिन में विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय दिदौरा (बार) का निरीक्षण किया गया। यहां 60 नामांकित बच्चों के सापेक्ष मात्र 25 छात्र उपस्थित मिले। शिक्षामित्र सुरेंद्र सिंह और उर्मिला देवी बिना सूचना अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण में सहायक अध्यापिका नेहा कुमारी की छुट्टी का ऑनलाइन रिफरेंस नंबर दर्ज नहीं मिला। विद्यालय में रंगाई-पुताई नहीं कराई गई थी और परिसर में गंदगी मिली। इस पर प्रभारी प्रधानाध्यापक संदीप कुमार खरे से स्पष्टीकरण मांगा गया। सहायक अध्यापिका नेहा कुमारी का वेतन अवरुद्ध करने और अनुपस्थित शिक्षामित्रों का मानदेय काटने की कार्रवाई की गई।

महरौनी विकासखंड के यू.प्रा.वि. नैगुवां में निरीक्षण के दौरान एमडीएम व्यवस्था में गंभीर लापरवाही सामने आई। रसोइयों ने बताया कि विद्यालय में कभी गैस पर भोजन नहीं बनाया गया, बल्कि हमेशा चूल्हे पर ही खाना तैयार किया जाता है। बीएसए ने इसे गंभीर वित्तीय अनियमितता मानते हुए जांच के निर्देश दिए। विद्यालय में 181 नामांकित बच्चों के सापेक्ष 109 छात्र उपस्थित मिले। शौचालयों के दरवाजे क्षतिग्रस्त पाए गए। बिना सूचना अनुपस्थित शिक्षामित्र भागीरथ का मानदेय रोक दिया गया। वहीं प्रभारी प्रधानाध्यापक अशोक कुमार तिवारी से एक सप्ताह में जवाब मांगा गया है। विकासखंड बार के प्राथमिक विद्यालय सुनवाहा में 148 नामांकित बच्चों के सापेक्ष 80 छात्र उपस्थित मिले। विद्यालय में रंगाई-पुताई का कार्य गुणवत्ताविहीन पाया गया और परिसर में बड़ी-बड़ी झाड़ियां उगी मिलीं। बिना सूचना अनुपस्थित शिक्षामित्र मेहरवान सिंह का मानदेय काटने तथा प्रभारी प्रधानाध्यापक अक्षय मिश्रा से स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिए गए। वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय सुनवाहा में 83 नामांकित बच्चों के सापेक्ष मात्र 10 बच्चे उपस्थित मिले। परिसर में गंदगी और घास मिलने पर सफाई कराने के निर्देश दिए गए।

यात्री का बैग लेकर फरार हुए

सचखंड एक्सप्रेस से नकदी व मोबाइल समेत 33 हजार का सामान पार किया

- जलगांव पचोरा निवासी अजय नेवंदराम तोलाणे अपनी बहन और भांजी सानिया के साथ भगवान के दर्शन के लिए वृंदावन आए थे।

ललितपुर। मथुरा से महाराष्ट्र जा रहे एक यात्री का सचखंड एक्सप्रेस में सफर के दौरान बैग चोरी हो गया। चोर यात्री के सोते समय सीट के नीचे रखा बैग लेकर फरार हो गए। बैग में नकदी, मोबाइल फोन, पावर बैंक और अन्य सामान सहित करीब 33,400 रुपये का सामान रखा था।

घटना की जानकारी ललितपुर रेलवे स्टेशन पर नींद खुलने के बाद हुई। जीआरपी ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महाराष्ट्र के जिला जलगांव पचोरा निवासी अजय नेवंदराम तोलाणे अपनी बहन और भांजी सानिया के साथ भगवान के दर्शन के लिए वृंदावन आए थे। दर्शन के बाद 12 जून 2026 की शाम उन्होंने ट्रेन संख्या 12716 सचखंड एक्सप्रेस के जनरल कोच में मथुरा जंक्शन से महाराष्ट्र के लिए यात्रा शुरू की। रात में सीट मिलने पर परिवार सो गया। 13 जून की तड़के करीब 1.30 बजे जब ट्रेन ललितपुर रेलवे स्टेशन पहुंची तो अजय की नींद खुली। उन्होंने देखा सीट के नीचे रखा उनकी भांजी का भस्लिंग बैग गायब था। काफी तलाश के बाद भी बैग का कोई सुराग नहीं लगा। चोरी हुए बैग में 9 हजार रुपये नकद, करीब 20 हजार रुपये कीमत का वीवो स्मार्टफोन, दो पावर बैंक, दो मोबाइल चार्जर तथा बैग सहित कुल करीब 33,400 रुपये का सामान रखा था। घटना के बाद अजय तोलाणे ने अपने गृह क्षेत्र रेल पुलिस चौकी पचोरा (महाराष्ट्र) में शिकायत दर्ज कराई थी। चूंकि चोरी की घटना ललितपुर रेलवे स्टेशन के आसपास हुई थी।

मानव सेवा को समर्पित रहा महेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला का जन्मदिवस

9 यूनिट रक्त संग्रहित, दो यूनिट दुर्लभ ओ-नेगेटिव ब्लड मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं लायन्स क्लब (बुन्देलखण्ड) क्षेत्र के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला का जन्मदिवस रविवार को मानव सेवा और जनकल्याण को समर्पित विभिन्न सामाजिक कार्यक्रों के साथ मनाया गया।

नेहरू नगर में आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, अंगदान-देहदान जन- जागरूकता अभियान, नशामुक्ति अभियान तथा पौधरोपण का आयोजन किया गया, युवाओं और समाजसेवियों ने भागीदारी निभाई। शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान एवं लायन्स क्लब बुन्देलखण्ड के सहयोग से आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में कुल 9 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर की सबसे बड़ी उपलब्धि दुर्लभ ओ-नेगेटिव रक्त समूह की दो यूनिट का संग्रह रहा, जो गंभीर एवं आपातकालीन मरीजों के उपचार में अत्यंत उपयोगी माना जाता है। शिविर में महिला सहभागिता भी प्रेरणादायी रही। कु.योगिता विश्वकर्मा ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज, विशेषकर युवाओं और महिलाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। उपस्थित लोगों ने उनके इस सामाजिक योगदान की सराहना की। ट्रस्ट संस्थापक खुशालचन्द्र साहू ने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान जीवन बचाता है, जबकि अंगदान और देहदान मानवता की ऐसी अमूल्य विरासत हैं जो मृत्यु के बाद भी समाज की सेवा करती हैं। कार्यक्रम के दौरान नशामुक्ति जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। वहीं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में वृक्षारोपण कर हरित एवं स्वस्थ समाज के निर्माण का संकल्प भी दोहराया गया। उपस्थित नागरिकों को नियमित रक्तदान, अंगदान, देहदान तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। रक्त संग्रहण का कार्य जिला रक्त केंद्र की टीम ने किया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.विमल कुमार, लैब टेक्नीशियन सूरज कुमार एवं अजय प्रताप, लैब सहायक मनोज सोनी, वार्ड बॉय जितेन्द्र कुमार तथा सहयोगी भवानी सिंह एवं राजू ने शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रक्तदान करने वालों में कु.योगिता विश्वकर्मा, सौरभ, अयान शाह, निर्मल साहू, सुधीर मिश्रा, आर्यन परिहार, आदर्श साध, विशाल यादव एवं सौरभ पटेल शामिल रहे। कार्यक्रम में शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से कोषाध्यक्ष सुषमा साध, उपाध्यक्ष अनिल साहू, परवेज पठान, इं.भागीरथ बरुआ, निर्मल साहू, राजकुमार खजुरिया एवं लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा तथा लायन्स क्लब बुन्देलखण्ड की ओर से उमाशंकर चौबे, अनिल जैन सहित अनेक सदस्यों ने सहभागिता कर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। समापन अवसर पर महेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला ने कहा कि जन्मदिवस जैसे व्यक्तिगत अवसरों को समाज सेवा के माध्यम से मनाने की परंपरा को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने सभी रक्तदाताओं, चिकित्सकीय टीम एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक लोगों से नियमित स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की।

युवा ने लिया अंगदान और देहदान का संकल्प

नेहरू नगर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान युवा सौरभ पटेल ने शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से मेडिकल छात्रों के पठन-पाठन हेतु देहदान का संकल्प तथा राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन, भारत सरकार के माध्यम से ऑनलाइन अंगदान संकल्प लिया। इस अवसर पर उन्हें अंगदान प्रतिज्ञा प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने इसे समाज के लिए प्रेरणादायी पहल बताते हुए अधिक से अधिक लोगों से अंगदान एवं देहदान का संकल्प लेने का आह्वान किया।

एक पौधा मां के नाम के तहत किया पौधरोपण



जीरापुर। पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे एक पौधा माँ के नाम अभियान के अंतर्गत एलएंडटी कम्पनी के कार्यालय जैतपुरा कला स्थित आठवां मील परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एलएंडटी कम्पनी के प्रोजेक्ट मैनेजर अरुण हर्ष द्वारा छायादार पौधे लगाकर श्रीगणेश किया। इस दौरान बरगद सहित विभिन्न प्रजातियों के छायादार पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस मौकेपर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संदेश दिया। इस दौरान कंपनी के कंस्ट्रक्शन मैनेजर सुधीर गुप्ता, कुलदीप कुमार, दिलीप सिंह, फेजान खान, कृतिका सिक्योरिटी सुपरवाइजर पप्पू दागी, गौतम राठौर,मुकेश दागी, प्रेम सिंह सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

दो बाइकों की भिड़ंत में एक गंभीर घायल



खुजनेर। पचोर थाना क्षेत्र के ग्राम चिल्डडावनिया के पास रविवार दोपहर दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में सोनखेड़ा निवासी एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल राजगढ़ रेफर किया गया। जानकारी के मुताबिक मांगीलाल प्रजापति (65) वर्ष निवासी ग्राम सोनखेड़ा, थाना छापीहेड़ा, रविवार दोपहर करीब आमला रोड से तेरहवीं कार्यक्रम से लौटकर सोनखेड़ा जा रहे थे इसी दौरान ग्राम चिल्डडावनिया के पास सामने से आ रही मोटरसाइकिल की भिड़ंत हो गई। सूचना मिलते ही खुजनेर थाना प्रभारी रवि ठाकुर एवं पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल शासकीय अस्पताल खुजनेर पहुंचाया हादसे में मांगीलाल प्रजापति के सिर और पैर में गंभीर चोटें आईं प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल राजगढ़ रेफर कर दिया गया पचोर पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

विहिप का जिला अभ्यास वर्ग संपन्न



सारंगपुर। नगर स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सारंगपुर में विश्व हिंदू परिषद का दो दिवसीय जिला स्तरीय अभ्यास वर्ग शनिवार दोपहर से प्रारंभ होकर रविवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। अभ्यास वर्ग में पूरे जिले से जिला एवं प्रखंड स्तर के लगभग 80 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और संगठनात्मक प्रशिक्षण प्राप्त किया। दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यपद्धति, आचार-पद्धति, कार्य विस्तार, आगामी कार्यक्रमों एवं भावी कार्ययोजना सहित विभिन्न विषयों पर कुल आठ सत्रों के माध्यम से विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान संगठन को अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने पर विशेष जोर दिया गया। अभ्यास वर्ग में प्रांत कोषाध्यक्ष विजय जैन, सत्संग प्रमुख सुरेश शर्मा, प्रांत गौरक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल, प्रचार प्रमुख कपिल शर्मा, विभाग मंत्री अशोक गुप्ता तथा सहमंत्री मोहन भाटी सहित अन्य प्रांतीय पदाधिकारियों ने विभिन्न विषयों पर उद्बोधन देकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में सारंगपुर प्रखंड के भी अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। दो दिनों तक शिशु मंदिर परिसर में आयोजित इस अभ्यास वर्ग का समापन रविवार को सहभोज के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने एवं आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने का संकल्प लिया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत



सारंगपुर। सारंगपुर-संडावता मार्ग पर शनिवार रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 25 वर्षीय बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा सारंगपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बिग्नोदीपुरा के समीप में हुआ, जहां किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए सिविल अस्पताल सारंगपुर लाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार दुधाखेड़ी निवासी रामेश्वर दांगी (25) पिता राधेश्याम दांगी शनिवार रात करीब 10 बजे बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। बिग्नोदीपुरा के पास सारंगपुर-संडावता रोड पर पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रामेश्वर गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। घायल युवक को तत्काल सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया, जहां ड्यूटी डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंचे। युवक की मौत की खबर से परिवार में मातम छा गया, वहीं दुधाखेड़ी गांव में शोक की लहर फैल गई। रविवार सुबह पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है।

जिले में शिक्षा के बिगड़ते हालात से बंद होने के कगार पर कई सरकारी स्कूल

सारंगपुर विकासखंड के रामपुराखेड़ा स्कूल में एक भी छात्र नहीं, तो कहीं 2 छात्र पर 5 शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



सारंगपुर विकासखंड के कई शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में छात्र-शिक्षक अनुपात को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार विकासखंड में लगभग एक दर्जन ऐसे विद्यालय संचालित हैं, जहां छात्रों की संख्या बेहद कम है, जबकि शिक्षकों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक बनी हुई है। इससे सरकारी संसाधनों के उपयोग और शिक्षा व्यवस्था की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। वहीं विकासखण्ड के ग्राम रामपुराखेड़ा का सबसे चैकाने वाला मामला सामने आया है, जहा पर एक भी प्रवेषित छात्र नहीं होने की स्थिति में वहा पर पदस्थ षिक्षक किसको पढ़ा रहे है। जिले में सरकारी स्कूलों की बिगड़ती षिक्षा व्यवस्था धीरे-धीरे लोगों के लिए परेषानी बनती जा रही है।

इन विद्यालय के भी यह हैं हालात

जानकारी के मुताबिक ग्राम आसारेटा रावत के शासकीय विद्यालय में 2 शिक्षक पदस्थ हैं, जबकि छात्र संख्या मात्र 1 है। इसी प्रकार ग्राम ग्वाडा में 5 शिक्षक होने के बावजूद केवल 2 छात्र अध्ययनरत हैं। ग्राम हीरापुरा में 2 शिक्षकों के बीच केवल 1 छात्र है। वहीं ग्राम रामपुराखेड़ा का मामला सबसे चैंकाने वाला बताया जा रहा है, जहां 1 शिक्षक पदस्थ है, लेकिन छात्र संख्या शून्य है। बताया जा रहा है कि ऐसे विद्यालयों की संख्या विकासखंड में लगभग एक दर्जन है। यदि एक शिक्षक का औसत मासिक वेतन लगभग एक लाख रुपये माना जाए, तो ऐसे विद्यालयों में हर माह लाखों रुपये का वेतन खर्च हो रहा है, जबकि छात्रों की संख्या नगण्य या शून्य है। इन विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना भी संचालित होना दर्शाया जाता है। ऐसे में यह सवाल भी उठ रहा है कि जहां छात्र ही मौजूद नहीं हैं, वहां मध्यान्ह भोजन योजना का संचालन किस प्रकार किया जा रहा है और उसका लाभ किसे मिल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिक्षा विभाग को ऐसे विद्यालयों की समीक्षा कर वास्तविक स्थिति के आधार पर शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण (रैशनलाइजेशन) करना चाहिए, ताकि जहां छात्रों की संख्या अधिक है वहां पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध हो सकें। क्षेत्र के लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

इनका कहना है

ब्लॉक के ऐसे स्कूल जहां शिक्षक ज्यादा छात्र कम उन स्कूलों की सूची बनाकर वरिष्ठ अधिकारी को अवगत करा दिया गया है। आगे से जो भी आदेश मिलेगा उसका पालन करवाया जाएगा।

सुरेश वीरमाल
ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सारंगपुर।



दशपुर लाफ्टर क्लब मंदसौर ने मनाया मित्र उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

दशपुर लाफ्टर क्लब मंदसौर द्वारा मित्रता दिवस पर क्लब के वरिष्ठ सदस्य समाजसेवी नरेंद्र मेहता के मुख्य आतिथ्य में बड़े धूमधाम से मित्रता दिवस पर मित्र उत्सव मनाया गया ।क्लब के अध्यक्ष जयराम खेराजानी ,सकल जैन समाज के अध्यक्ष लोकेंद्र जैन,क्लब एडमिन एन सी जैन ,वरिष्ठ मार्गदर्शक मदन हासानी ने नरेन्द्र मेहता को क्लब के लिए सदैव समर्पित सदस्य बताते हुए कहा -मेहता साहब क्लब के लिए।सदैव तन मन से समर्पित रहते हैं आज आपने मित्रता दिवस पर मित्र उत्सव का आयोजन कर हम सभी को भावविभोर कर दिया है।

क्लब के सभी सदस्यों द्वारा नरेंद्र मेहता का पुष्पहारों से स्वागत अभिनन्दन किया गया।क्लब की और से लालबहादुर श्रीवास्तव ने सुंदर छवि वाली उनकी तस्वीर भेंट कर स्वागत कविता भाषण दिया। मित्रता दिवस को लेकर सभी सदस्यों ने अपनी अपनी रचनाएं सुनाकर समा बांध दिया। नरेंद्र मेहता ने मित्रता दिवस को लेकर कहा -दशपुर लाफ्टर क्लब मंदसौर का पहला लाफ्टर क्लब है जिसके सभी सदस्य छोटे से बड़े तक सभी मित्रवत है एक्य भाव होने से क्लब सामाजिक सरोकारों में अग्रणी रहता है। क्लब अपने उद्देश्यों को पूर्ण करने के साथ सभी के प्रति आदर भाव रखता है।मित्रता दिवस पर सभी को मेरी शुभकामनाएं ,इसी तरह क्लब के सभी साथी एक माला में गूंथे रहें दुख सुख में एक दूसरे के काम आते रहे।मित्र भाव बनाए रखें। लालबहादुर श्रीवास्तव ने माऊथआरगन पर सुंदर कर्णप्रिय धुन बजाकर सदस्यों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। गीत संगीत से सजी मित्र उत्सव की बेला में क्लब के सदस्य अनिल छाबड़ा, अरूण जैन, शिखर चपरोत, प्रकाश कल्याणी, अशोक सोनी,विनोद रिजवानी, मुरली पांगानी, लालचंद गिडवानी,गोतम हडपावत,देवेंद्र चपरोत, जगदीश रायचंदानी,जी डी मित्तल ,कन्हैया रायसिंघानी, दिनेश जैन ,लोकेंद्र घड़ीवाला सभी सदस्यों ने सहभागिता निभाई।

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का किया स्वागत, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़





भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नव-नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के आगर-मालवा दौरे के दौरान कानड़ नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने विभिन्न स्थानों पर उनका भव्य एवं गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम आगमन को लेकर नगर में सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा। प्रमुख चौराहों एवं स्वागत स्थलों पर कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं, साफा पहनाकर तथा जयघोष के साथ उनका अभिनंदन किया। नगर में जगह-जगह स्वागत द्वार, बैनर एवं पोस्टर लगाए गए थे।भाजपा युवा मोर्चा सहित विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। स्वागत करने वालों में मनीष शर्मा, चैनसिंह सिसोदिया, डॉ. देवनारायण गौड़, ईश्वर सिंह बगड़ावत, दिनेश अंकल, विजयलक्ष्मी माली,हेमंक जायसवाल, प्रेम सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जूना गुजराती दर्जी समाज की ओर से भी स्वागत समारोह आयोजित किया गया। समाज के अध्यक्ष कन्हैयालाल परमार के नेतृत्व में समाजजनों ने श्याम टेलर का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उनका सम्मान किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान मुख्य मार्ग पर यातायात का दबाव बढ़ने से एक एंबुलेंस जाम में फंस गई। स्थिति को देखते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल रास्ता खाली कराया, जिससे एंबुलेंस को बिना किसी बाधा के आगे रवाना किया जा सका। कार्यकर्ताओं की इस संवेदनशील पहल की उपस्थित नागरिकों ने सराहना की।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय एवं विधायक मधु गेहलोत भी मौजूद रहे। उनके साथ बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं नगरवासी कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष का काफिला जैसे-जैसे नगर के मुख्य मार्गों से गुजरा, कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। पूरे मार्ग पर भाजपा समर्थकों का उत्साह देखने योग्य रहा। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प भी दोहराया। स्थानीय नेताओं ने उनके आगमन को संगठन के लिए महत्वपूर्ण अवसर बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन में पार्टी को नई मजबूती मिलेगी।

सैनिक सम्मान में दो सेवानिवृत्त वीर सैनिकों का हुआ नागरिक अभिनंदन

दशपुर नगर की गौरवशाली परंपरा को मिला नया आयाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



देशभक्ति, राष्ट्रसेवा एवं वीर सैनिकों के सम्मान की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सैनिक सम्मान अभियान के अंतर्गत 794 वें एवं 795 वें सैनिक सम्मान के रूप में भारतीय सेना से 22 वर्षों की गौरवपूर्ण राष्ट्रसेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए नायक श्याम गुर्जर (ग्राम गुर्जरबड़िया, जिला मंदसौर) एवं नायक राजकुमार पाटीदार (ग्राम केलुखेड़ा, जिला नीमच) का नागरिक अभिनंदन एवं भव्य स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में नागरिकों, पूर्व सैनिकों, सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा संगठनों के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, मातृशक्ति एवं युवाओं की उपस्थिति ने सैनिक सम्मान समारोह को ऐतिहासिक बना दिया सैनिक सम्मान यात्रा भारत माता चौराहा स्थित भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ प्रारंभ हुई। इसके पश्चात यात्रा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी, अमर शहीद उधम सिंह जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रनायकों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। भारत माता की जय एवं वंदे मातरम के जयघोष के साथ दोनों वीर सैनिकों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। सैनिक सम्मान अभियान के संयोजक विनय दुबेला ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि आज दशपुर नगर सैनिकों के सम्मान की अपनी गौरवशाली परंपरा के कारण पूरे प्रदेश में नई पहचान स्थापित कर रहा है।

सैनिक सम्मान अभियान केवल एक सम्मान समारोह नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति का जनआंदोलन बन चुका है, जिसने समाज के प्रत्येक वर्ग को एक सूत्र में जोड़ने का कार्य किया है। उन्होंने नगरवासियों द्वारा अभियान को मिले अभूतपूर्व जनसमर्थन के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस समाज में सैनिकों का सम्मान होता है, वहाँ राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और सेवा का भाव सदैव जीवित रहता है। उन्होंने युवाओं से सैनिक सम्मान अभियान से जुड़ने तथा भारतीय सेना एवं अन्य सुरक्षा बलों में भर्ती होकर राष्ट्रसेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि दोनों वीर सैनिकों की 22 वर्षों की गौरवपूर्ण राष्ट्रसेवा पर संपूर्ण मंदसौर अंचल को गर्व है तथा समाज सदैव उनके त्याग, समर्पण और राष्ट्रसेवा का ऋणी रहेगा भाजपा नेता अनिल कियावत ने कहा कि सैनिकों का सम्मान करना राष्ट्र के स्वाभिमान का सम्मान है।

कलेक्टर का आदेश बेअसर, सड़कों पर घूम रहा गोवंश

राहगीर हो रहे परेशान, दुर्घटना का बढ़ा खतरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

कुछ दिनों पूर्व हुए ब्यावरा सड़क हादसे में 15 से अधिक गोवंश की मौत के बाद प्रशासन ने सड़कों पर स्वच्छंद रूप से घूम रहे गोवंश को लेकर सख्त रुख अपनाया था। घटना के बाद गोभक्तों में भी भारी नाराजगी देखने को मिली थी तथा कांग्रेस ने गोवंश की सुरक्षा सहित विभिन्न मांगों को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा था। इसके बाद कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जिले के पांच पशु चिकित्सकों को नोटिस जारी करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए थे कि यदि सड़कों पर गौवंश दिखाई देता है तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसके बावजूद माचलपुर नगर में हालात नहीं बदले हैं। नगर की मुख्य सड़कों और व्यस्त मार्गों पर अब भी बड़ी संख्या में गोवंश खुलेआम बैठा और घूमता नजर आ रहा है। इससे हर समय सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। दिनभर भारी वाहनों, बसों और दोपहिया वाहनों की आवाजाही के बीच सड़क पर बैठे मवेशी वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार प्रशासन और नगर परिषद को इस समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिनअभी तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों का आरोप है कि गोशालाओं में पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने तथा जिम्मेदार एजेंसियों की लापरवाही के कारण गोवंश सड़कों पर भटक रहा है। नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि कलेक्टर के निर्देशों का सख्ती से पालन कराया जाए, आवारा गोवंश को तत्काल गोशालाओं में पहुंचाया जाए ।

अभा साहित्य परिषद की काव्य गोष्ठी सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



अखिल भारतीय साहित्य परिषद मन्दसौर इकाई द्वारा रिमझिम काव्य गोष्ठी शा. महाविद्यालय मंदसौर के पूर्व प्राचार्य रविन्द्र सोहोनी के मुख्य आतिथ्य एवं महाविद्यालय मंदसौर के पूर्व प्राचार्य बी. आर. नलवाया एवं पत्रकार ब्रजेश जोशी के विशेष आतिथ्य व डॉ. दिनेश तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। प्रारंभ में अतिथियों ने सरस्वती चित्र पर माल्यार्पण किया तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत नरेन्द्र भावसार, नरेन्द्र त्रिवेदी, नंदकिशोर राठौर नादान ने किया। परिषद गीत भारती की लोकमंगल साधना साकार हो नंदकिशोर नादान ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर श्री सोहोनी ने कहा कि, गुरु अपने शिष्य को विषम परिस्थितियों (अवसाद, शोक, दुविधा) से निकालने का मार्ग प्रशस्त करे वह सही मायने में गुरु होता है जैसे कृष्ण ने अर्जुन को कुरुक्षेत्र में विषम परिस्थिति में गीता का ज्ञान दिया। गुरु परंपरा का आरम्भ अनादिदेव शिव के समय से ही आरम्भ हो चुका था। शिव ने सप्त ऋषियों को ज्ञान का मार्ग बताया जो आगे चल कर धर्मगुरु, राजगुरु, कुलगुरु एवं सद्गुरु के रूप में विश्व में व्याप्त हुई। श्री जोशी ने कहा कि, मैंने अपने स्व. गोलोकवासी पिता जी को ही अपना गुरु माना और उनकी आज्ञा के अनुसार तत्कालीन शासकीय सेवा के अवसर का लाभ नहीं लिया जिसका मुझे आज भी मलाल नहीं है। श्री नलवाया ने कहा कि, गुरु वही है जो शिष्य को शून्य से शिखर तक ले जाता है। इस अवसर पर आमंत्रित कवियों ने काव्य पाठ किया। जिसमें संगीतकार नंदकिशोर राठौर ने वर्षाकाल के आगमन का स्वागत करते हुए गीत मेघ की रवानी पानी टप टप बरसा, देखो आई रे बरखा सुनाया। ललित बटवाल ने शास्त्रीय संगीत पर मेघ मल्हारराग आधारित गीत श्याम घन बन आए बादल, नन्ही नन्ही बूंदें लाए बादल सुनाया। मनीषा शामगढ़वाला ने दोहे पायल चुपके से कहे, धीरे चल रे पाँव, जग न जाए फिर कही अबकी सारा गाँव, ब्रजेश जोशी ने मेरे शहर के गड्ढे कविता सुनाई। अभय मेहता ने ह्यगुरुदेव तुम्हारे चरणों में वंदन बारम्बार, ललिता मेहता ने गुरुवर तू मेरे दिल का श्रृंगार है, खुद को तू पहचान लेह अजय डांगी ने एआई पर कविता खुद की अकल तो ताक पर, सवाल पूछो बात बात पर, नरेन्द्र राणावत ने गीत घिर घिर घन आए, आई ना कोई खबरिया सुनाई। इस अवसर पर चंचला त्रिपाठी, कन्हैया देशमुख, दिलीप जोशी, सुधा कुर्मी, प्रकाश कल्याणी, अजीज उल्लाह खान, राहुल राठी, युवराज सिंह, कलीम शाह काव्य प्रेमी उपस्थित थे।

गिरीराज भक्त मंडल ने पहली बार निकाली विशाल कांवड़ यात्रा

छापीबांध से जल लेकर 25 किमी पैदल पहुंचे शिवभक्त, जगह-जगह किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



श्रावण मास के पावन अवसर पर गिरीराज भक्त मंडल के तत्वावधान में रविवार को पहली बार विशाल कांवड़ यात्रा निकाली। यात्रा में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल हुए। पूरे मार्ग में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। प्रातः 9 बजे छापीबांध पर मंडल के सदस्यों ने विधि-विधान से कावड़ पूजन कर पवित्र जल भरा। इसके बाद कावड़ यात्रा छापी बांध से प्रारंभ होकर नगर के खिलचीपुर नाका, स्वामी विवेकानंद चैराहा, बस स्टैंड, बुधवारिया बाजार, अटल चौक, इंदर चैराहा, माचलपुर रोड ब्रिज, कोडक्या एवं माचलपुर होते हुए गोघटपुर मठ के लिए रवाना हुई। कांवड़ यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों ने कावड़ यात्रियों का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने शिवभक्तों को पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी उपलब्ध कराईं।कावड़ यात्रियों ने छापी बांध से पवित्र जल लेकर लगभग 25 किलोमीटर की पैदल यात्रा पूरी कर गोघटपुर मठ पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की प्रार्थना की।